🌿🌿🌿🌿🌿 लिंबाच्या बिया 🌿🌿🌿🌿🌿

ज्या ठिकाणी केसांचा गोल चट्टा पडतो, त्याला आयुर्वेदामध्ये 'इंद्रलुप्त' आणि सामान्य भाषेत 'चाई' (Alopecia) म्हणतात. हा एक प्रकारचा बुरशीजन्य संसर्ग किंवा ऑटो-इम्यून अटॅक असतो, ज्यामुळे तिथली केसांची मुळे सुप्त अवस्थेत जातात. लिंबाच्या बियांमध्ये तीव्र जंतुनाशक, बुरशीनाशक आणि उत्तेजक औषधी तेले असतात. जेव्हा या बियांचा लेप चाई पडलेल्या जागी लावला जातो, तेव्हा तो तिथल्या मृत त्वचेला पुन्हा सक्रिय करतो आणि रक्ताभिसरण वाढवून सुप्त मुळांना नवीन केस उगवण्यासाठी चालना देतो.

कसे करावे:

ताज्या लिंबाच्या १० ते १५ बिया गोळा करा. या बियांची टरफले काढून त्यातील आतील पांढरा भाग थोड्या पाण्यासोबत किंवा आल्याच्या रसासोबत खलबत्त्यात बारीक वाटून घ्या. चाई पडलेल्या जागी आधी कोरड्या कापडाने हलके घासून त्वचा लाल करा आणि त्यावर हा लेप लावा. लेप लावल्यावर थोडी जळजळ होऊ शकते, जी त्वचा सक्रिय होत असल्याचे लक्षण आहे. २० मिनिटांनी साध्या पाण्याने धुवा. हा प्रयोग दिवसातून एकदा, सलग २ ते ३ आठवडे केल्यास तिथे बारीक लव किंवा केस येऊ लागतात.

सविस्तर फायदे:

त्वचा पुनरुज्जीवन: लिंबाच्या बियांमधील घटक बंद झालेली रोमछिद्रे (Pores) उघडतात, ज्यामुळे पोषक तत्वे मुळांपर्यंत पोहोचतात.

बुरशीचा नाश: चाई वाढवणाऱ्या बुरशीचा लिंबाच्या बियांमुळे समूळ नायनाट होतो, ज्यामुळे चट्टा अधिक मोठा होत नाही.

रक्ताभिसरण वाढते: लेपामुळे संबंधित जागी रक्ताचा प्रवाह वाढतो, जो केसांच्या नैसर्गिक वाढीसाठी अत्यंत आवश्यक असतो.

केसांची मजबुती: नवीन येणारे केस मजबूत आणि दाट येण्यासाठी बियांमधील नैसर्गिक खनिजे मदत करतात.

खास टिप: लेप लावल्यानंतर खूप जास्त जळजळ किंवा फोड आल्यास लगेच धुवावे. संवेदनशील त्वचा असलेल्यांनी हा प्रयोग करण्यापूर्वी थोड्या भागावर 'पॅच टेस्ट' करून पहावी.

🌿🌿🌿🌿🌿 पीला पलाश 🌿🌿🌿🌿🌿

पीला पलाश प्रतीक है प्रसन्नता का, साथ ही स्त्रोत है कमरकश नामक औषधि का। इसे माँ अन्नपुर्णा का आशीर्वाद प्राप्त है। आइए जानते हैं विस्तार से...

यह पीले रंग का पलाश पुष्प बाहर की और से सफेद आभा लिए होता है, जबकि भीतर से इसकी पंखुड़ियां पूरी तरह से पीला रंग लिए होती है। जंगल में दूर से ही देखने पर इसके चटख पीले रंग के पुष्पों के कारण इसे आसानी से पहचाना जा सकता है। जिन लोगों ने सफेद पलाश नहीं देखा है वे इसे ही सफेद पलाश मान लेते हैं। किंतु मेरी खोज यात्रा इसे सफेद कहने से इंकार करती है क्योंकि दूर कहीं सफेद पलाश स्वयं अपना परिचय देने के लिए आपका इंतजार कर रहा है। बने रहिएगा...

कमरकश पलाश के पेड़ से प्राप्त की जाने वाली गोंद है जो औषधीय महत्व की होती है। ग्रामीण लोग कहते हैं कि इसमें पलाश की पूरी ताकत छिपी होती है। यह एक पारंपरिक और आयुर्वेदिक औषधि है। नाम के अनुसार इसका प्रयोग कमर को मजबूत बनाने में और कमर दर्द को ठीक करने में किया जाता है, किंतु इसके और भी कई उपयोग हैं। कुछ अनुभवी वैद्य बताते हैं कि इ सकी गोंद वीर्य वर्धन के लिए भी उपयोगी है।

गाँव देहात में इसकी गोंद को भूंजकर पीस लेते हैं और जचकी के समय बनाए जाने वाले लड्डुओं में मिला दिया जाता है। जानकारों का मानना है कि प्रसव के उपरांत शरीर से गर्भ के ऊतकोंको निकालने और शिथिल हो चुकी मांसपेशियों को पुनः तन्यता की स्थिति में पहुँचाने के लिए इस औषधि का प्रयोग किया जाता है। इसे कभी भी गर्भ धारण की हुई महिलाओं को नहीं दिया जाता है। कैल्शियम और फास्फोरस से भरपूर होने के कारण यह जोड़ो के दर्द और कमर की मांसपेशियों के दर्द में भी बहुत लाभदायक है। इसे प्रातः खालीपेट गुनगुने दूध और गुड़ के साथ ग्रहण किया जाता है। बुजुर्ग महिलाओं का मानना है कि पीले और सफेद पलाश की गोंद (कमरकश) ग्रहण करने से त्वचा में निखर आता है आंखों के चारों ओर के काले घेरे व झाइयां दूर हो जाती हैं। शेष जानकारी अपनी ही पुरानी पोस्ट से कॉपी पेस्ट कर रहा हूँ।

लाल पलाश भी जंगल की खूबसूरती में चार छोड़िए हजारों चाँद लगा देता है। इसीलिए इसे जंगल की ज्वाला कहा गया है। इसकी सुंदरता के लिए किसी ने कहा है...

"दहक उठी है डालियाँ, पहने लाल लिबास। फागुन का स्वागत करे, जंगल बीच पलाश।"

ग्रीष्म ऋतु के प्रारंभ में जंगल के सूखे-सूखे से वातावरण में चारों ओर खिले लाल पलाश की सुंदरता देखते ही बनती है। इसके लिए किसी ने लिखा है -

१. दहक रहे हैं वन खण्ड, अंगारों की धार। फागुन आया सज धज के, केसरिया बौछार॥

२. टेसू फूले बाग में, ऋतु बसंत की आन। बिना गंध भी मोह ले, जग का सारा ध्यान॥

३. पलाश खिला है शान से, औषध का भंडार। मिटा दे तन की पीर को, प्रकृति का उपहार॥

पलाश की लगभग सभी प्रजातियों में पत्तियाँ "ढाक के तीन पात" कहावत को चरितार्थ करती हैं। जंगल में जब लाल पलाश (गहरा केसरिया) अपने उत्साह के चरम पर होता है तो दूर से देखने पर ठीक ऐसा प्रतीत होता है मानो अंधियारी रात को चीरती हुई अग्नि की ज्वाला दिखाई दे रही हो, इसीलिए इसे फ्लैम ऑफ फॉरेस्ट अर्थात जंगल ज्वाला का नाम दिया गया। आगे की जानकारी अपनी ही पुरानी पोस्ट से कॉपीपेस्ट कर रहा हूँ, ताकि नए वितरण को विषय अपूर्ण न लगे। अभी आगे सफेद और काले पलाश की जानकारी वाली पोस्ट भी आने वाली हैं अतः साथ में बने रहिएगा...

तीन पत्तियों को धारण करता यह पलाश वृक्ष ब्रम्हा–विष्णु–महेश त्रिदेवों की शक्तियाँ समेटे जंगलों में। शान से सर उठाए नजर आता है किंतु आज के समय में यह वृक्ष आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कभी सड़क के दोनो ओर का क्षेत्र इनका प्रमुख आवास हुआ करता था, किन्तु आजकल कुछ अपरिपक्व हरियाली योद्धा फोटोबाजी की चाहत में विदेशी मूल के जल्दी विकसित होने वाले पौधे रोप रहे हैं जिसके कारण भारतीय मूल की वनस्पतियाँ समाप्त हो रही हैं।

होली के आगमन का संदेश देता #पलाश #फाल्गुन माह में फूला नहीं समाता है, जैसे कि यह कहावत इसी के लिए बनी हो। #कबीरदास जी भी पलास के मायाजाल से बच न सके थे, उन्होंने लिखा है...

कबीरा गरब न कीजिए, इस जोबन की आस। टेसू फूले दिवस दस, खांखर भया पलास।।

अर्थात कबीरदास जी कहते हैं कि मनुष्य को अपने यौवन (जवानी) और शरीर की सुंदरता पर कभी घमंड नहीं करना चाहिए क्योंकि यह नश्वर है। जिस तरह 'टेसू' (पलाश) के फूल केवल कुछ दिनों के लिए खिलते हैं और फिर सूखकर खंखर (सूखी लकड़ी) हो जाते हैं, वैसे ही जवानी भी जल्द ही ढल जाती है। यह जीवन अस्थाई है और किसी भी क्षण समाप्त हो सकता है।

पलाश की छाल जंगलों में रस्सियाँ बनाने का बेहतरीन स्त्रोत है। अरे भाई #कुची याद है न...? दीवाली के समय चूने और गेरू की पुताई के लिए बनाये जाने वाले हर्बल ब्रश/कूची इसी पेड़ की जड़ों से बनाये जाते है। और इसकी लकड़ियों से तैयार फावड़े, गैंती के बेंसो का तो कोई तोड़ ही नही था। इतना ही नही ठनका लगने पर यही शांति देता था। अब आप पूछेंगे ये ठनका क्या है, देहाती लब्ज है साहब, पेशाब में जलन नही बल्कि रुक रुक कर थोड़ी मात्रा में मूत्र विसर्जन को #ठनका कहते हैं। बहुत बैचेन कर देने वाली अवस्था होती है। इसकी छाल या पत्तियों का काढ़ा इसकी बेहतरीन औषधी है।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में यह पारंपरिक महत्व का पेड़ भी है जो किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। इसकी पत्तियों का मंढा खेतों में गाय बैलों को छाया प्रदान करने के लिए बनाया जाता है। इसकी पत्तियों से मंढा छाया जाता है। इसकी पत्तियों से पत्तलें भी बनाई जाती है जिन पर शादी व्याह के भोज में भोजन परोसा जाता है। इसके अलावा इसके बड़े और मजबूत पत्तों पर #चिकोड़ी के पापड़ बनाए जाते हैं जो हमारे क्षेत्र का मुख्य पारंपरिक स्नेक/पापड़ है। गर्म भोजन या पापड़ का गर्म खौलता हुआ मिश्रण जब इन पत्तियों पर पड़ता है तब इन पत्तों के औषधीय रसायनों के साथ मिलकर भोजन के साथ हमारे शरीर में इन औषधीय रसायनों को प्रवेश करा ही देता है, यही गुण भारतीय पारंपरिक व्यंजनों को औषधीय व्यंजन का स्वरूप प्रदान करते हैं।

हमारे छिंदवाड़ा जिले में सफेद, क्रीम, लाल, संतरा, पीला, काला सभी प्रकार का #पलास पाया जाता है, जिनकी चर्चा एक एक कर पोस्ट के माध्यम से की जा रही हैं। क्यों, है न प्रकृति माता की खूब कृपा हमारे छिन्दवाड़ा पर? वैसे तो यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और सुंदर पेड़ है। किंतु जितना यह अपनी खूबसूरती के लिये चर्चा में है, उससे कहीं ज्यादा यह तांत्रिक प्रयोगों के लिए जाना जाता है। इसके हजारों औषधीय महत्व भी हैं, किन्तु कोई इसे आजकल पारंपरिक दवाओं या हर्बल दवाओं के लिए प्रयोग नही करता, क्योंकि समय किसके पास है?

सच कहूं तो ज्यादातर लोग मुझसे केवल सफेद पलाश के ही विषय में चर्चा करते हैं। कुछ लोगों को विश्वास है कि इसके मिल जाने से उन पर #धनवर्षा हो जाएगी। इन सब विषयों की विस्तृत चर्चा सफेद पलाश की पोस्ट में अलग से करूंगा।

मैं अपनी कहूँ तो सफेद, पीला, काला और लाल कोई भी पुष्प भगवा अर्थात नारंगी पुष्प की सुंदरता के आगे फीका सा लगता है, जो सर्वाधिक पाया जाता है। इसमें जो आकर्षण और ऊर्जा है, वह दुनिया के किसी अन्य रंग में नही है। कुछ लोग रंग के चक्कर मे ही एक दूसरे के दुश्मन बन बैठे हैं और इसे काट देने पर उतारू हैं। जबकि इसकी सुंदरता या महत्व तो वास्तव में इसे संरक्षित कर देने वाले हैं। संभव हो तो अबकी बार इसके पौधे रोपित, रंग की चर्चा किए बगैर। ध्यान रहे कि प्रकृति का हर रंग खूबसूरत है। खास है, वरना प्रकृति माता इतने रंग बनाती ही क्यों?

रंगों से पुनः ध्यान आया कि #टेशू के फूलों की मुस्कुराहट बता रही है, कि #होली आने वाली है। होली नजदीक है तो ध्यान रखियेगा, कि इससे रंग और गुलाल बना लें और जमकर होली खेलें क्योंकि इसके फूलों के औषधीय गुण आपकी त्वचा के सारे रोग दोषों को दूर करने में सक्षम हैं। गुरुदेव डॉ Deepak Acharya जी कहते थे कि इसके फूलों से बना रंग जब रंग उतरेगा तो समझिए रोग भी दूर हो गए...।

होली की अग्रिम शुभकामनाएं...

🌿🌿🌿🌿🌿 सफेद पलाश समृद्धि और सामर्थ्य लाता है, कहते हैं कि इसमें माता अन्नपुर्णा का वास है। तंत्र शास्त्र की मानें तो इसका संबंध भगवान शिव और माता पार्वती से भी है।

सफेद पलाश एक बहुत ही दुर्लभ, चमत्कारिक और रहस्यमई वनस्पति है। इसमें बारे में जितने मुँह उतनी ही बातें सुनाई देती हैं। कोई कहता है कि इसके नीचे जाने पर दिन में तारे दिखते हैं तो कोई इसे खजाने की चाबी मानता है। मेरी दिलचस्पी सफेद पलाश पर इसीलिए भी है कि अब तक कई रहस्यमई पौधों को ढूंढकर उनकी पहचान की है या फिर उनके विषय में कही सुनी बातों के पीछे के तर्क–वितर्क और कारण समझकर विज्ञान से उनका संबंध समझा है। बचपन में ही घाट छिंदवाड़ा–जबलपुर मार्ग पर घाट परासिया के समीप सफेद पलाश देख चुका हूँ तो इसके अस्तित्व को नकारने की गलती भी नहीं कर सकता। अभी तक सामान्य केसरिया, गहरा केसरिया, हल्का पीला, गहरा पीला, क्रीम (पीला–केसरिया) रंग के पलाश खोज चुका हूँ तो हौसला और भी बढ़ गया कि अभी भी घने जंगलों के बीच कहीं न कहीं सफेद पलाश के वृक्ष अवश्य बचे हैं और मेरा यह विश्वास सही भी निकला। आइए जानते हैं कि सफेद पलाश आखिर इतना रहस्यमई क्यों है...?

काकचंडीश्वर कल्पतंत्रम एक प्राचीन तांत्रिक साहित्य है। यह काकचंडीश्वर द्वारा रचित ग्रन्थ है जिसमें रसायन शास्त्र और तांत्रिक कर्मों का उल्लेख है। इस ग्रन्थ में भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को जड़ी बूटियों के रहस्य बताए जाने का विवरण है। इसी में सफेद पलाश का भी वर्णन मिलता है।

इसके श्वेत पलाश अध्याय में श्वेत पलाश को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ शक्ति और आयुवर्द्धक औषधि माना है। इस संदर्भ में लिखा है...

१. पत्रं पुष्पं फलं ग्राह्यं सूक्ष्मचूर्णं च कारयेत्। कृत्वा गोक्षीरसंयुक्तं भक्षयेद्वा समाहितः।।

अर्थात:– पत्र, पुष्प और फल का ग्रहण करके सूक्ष्म चूर्ण करे, गाय के दूध के साथ एकाग्र होकर भक्षण करे।

२. क्षीराहारी भवेन्नित्यं वलीपलितवर्जितः। द्विरष्टवर्षकायोऽसौ जीवेद्वर्षशतत्रयम् ॥

अर्थात:– नित्य दूध मात्र का आहार करते हुए मनुष्य बली और पलित से रहित १६ वर्ष का शरीर धारण करते हुए तीन सौ वर्ष तक जीवित रहता है।

इसके अलावा इस ग्रन्थ में इसके द्वारा चाँदी व स्वर्ण प्राप्ति का तरीका भी बताया गया है जो कि प्राचीन भारत में रसायन शास्त्र विद्या की श्रेष्ठता का उत्कृष्ठ उदाहरण है। इस संदर्भ में लिखा है कि –

३. तस्य पुष्पस्य निर्यासं तालकेन सुभावितम् । तेन पातालकक्लेन द्वाविंशांशेन विन्दति ॥ बङ्गो भवति तत्तारं कुन्दपुष्पस्य सन्निभम् ।

अर्थात:– उसके पुष्प के निर्यास को तालक से सुभावित कर बाइसवाँ भाग पाताल कल्क से युक्त करे इससे बंग कुन्द के समान तार (चांदी) होता है।

४. तस्य पुष्परसं चैव गन्धकं चैव भावयेत् ॥ लिप्तानि सूक्ष्मपत्राणि पुटपाचेन काञ्चनम् ।

अर्थात:– उसका पुष्परस और गन्धक भावित करे उससे लिप्त सूक्ष्म पत्रों का पुट पाक करने से स्वर्ण हो जाता है।

५. तस्य बीजस्य तैलेन गन्धकेन सुमर्दितम् ॥ द्वात्रिंशदंशैस्तत्कल्कैः पारदः काञ्चनं भवेत् ।

अर्थात:– उसके बीज के तैल और गन्धक से अच्छी प्रकार मर्दित कर उसके बत्तीसवें अंश कल्क से पारद स्वर्ण होता है।

सुनने को मिलता है कि बड़े–बड़े तांत्रिक और अघोरी साधु अक्सर दूर गुफाओं में मृत्यु से मुक्त होकर लंबी आयु के लिए अनुष्ठान करते रहते हैं, संभवतः वे इसी तरह की साधना की बात करते हों...

६. श्वेतपालाशपञ्चाङ्गं चूर्णितं मधुना सह ॥ कषैकं भक्षयेन्नित्यं व्याधिमृत्युजरापद्दम् ।

अर्थात:– श्वेत पलाश के पंचाग को चूर्ण करके मधु के साथ एक कर्ष प्रमाण में नित्य भक्षण करने से व्याधि, मृत्यु और वार्धक्य दूर करता है ।

७. ब्रह्मायुर्जीवितं सिध्येत् स्पर्शमात्रान्न संशयः॥

अर्थात:– स्पर्श मात्र से ब्रह्मा के आयु पर्यन्त सिद्ध होता है इसमें सन्देह नहीं।

८. अमृतं कुरु, अमृतमालिन्यै नमः। अनेन सर्वे सिध्यन्ति योगाः सप्ताभिमन्त्रिताः ॥ अमृतं कुरु, अमृतमालिन्यै नमः ।

अर्थात:– इस मंत्र से सात बार अभिमंत्रित कर प्रयोग करने से सभी योग सिद्ध होते हैं।

यह एक साधना का विषय है, किंतु यह दुष्कर कार्य आज के समय में हर किसी के वश का नहीं है, लेकिन फिर भी अज्ञानी और लालची मनुष्य इसके पेड़ों को ढूंढकर इसे क्षति पहुंचाने का कार्य करते हैं। इस पेड़ के काटे जाने या नष्ट हो जाने का कारण इस प्रकार की गतिविधियां भी हैं। मै सफेद पलाश पर अपने द्वारा एकत्र की ही जानकारियों के विषय में बात करूं तो सभी पलाश की तरह सफेद पलाश भी एक झाड़ीदार वृक्ष है। अभी तक खोजे गए पेड़ों के हिसाब से सफेद पलाश ४ किस्म का होता है।

१) एक तो अन्य रंगों के पलाश की ही तरह झाड़ीदार लेकिन इनके पुष्प बाहर से देखने पर रोएंदार आवरण के कारण सफेद दिखाई देते हैं जबकि भीतर से हल्के पीले रंग के होते हैं। २) इसी तरह दूसरी किस्म बाहर से सफेद किंतु भीतर से हल्के नारंगी रंग प्रभाव लिए होती है। ३) तीसरा हल्के नारंगी रंग की आभा लिए होता है किंतु इनके पेड़ विशाल लताओं के रूप में होते हैं। ये पुष्प झाड़ीदार पलाश से आकार में कुछ छोटे होते हैं। ४) चौथा पूरी तरह से सफेद पलाश जो मैने बचपन में देखा था, सड़क निर्माण में अब वह पेड़ समाप्त हो चुका है, बिल्कुल वैसी ही एक फोटो Anjney Sharma जी की पोस्ट से लेकर एल्बम में शामिल की है। ५) इन सबके अलावा जो पांचवां सफेद पलाश है उसके पुष्प काफी छोटे होते हैं, वास्तव में यह पलाश नहीं है, लेकिन हूबहू पलाश की तरह दिखाई देता है। गांव देहात में इसे तिनसा के नाम से जाना जाता है। वानस्पतिक रूप से इसका जीनस अलग है।

ऊपर वर्णित ५ में से ४ प्रकार के सफेद पलाश तक मै स्वयं पहुंच चुका हूँ। लता पलाश में अभी पुष्प आने शेष हैं जल्द ही उसकी अलग और विस्तृत पोस्ट करूंगा। कोलाज में शामिल सभी फोटो मेरे द्वारा ही संकलित और खींची गई हैं अतः शंका की कोई गुंजाइश नहीं है। आइए अब रंगो और पहचान की दुनिया से दूर सफेद पलाश की रहस्यमई चर्चा वाली दुनिया में कदम रखते हैं।

कहते हैं पलाश वृक्ष में त्रिदेव की शक्ति होती है। तंत्र शक्ति के जानकारों का तो मानना है कि इससे धन वर्षा तक की सकती है। लेकिन मेरी दादी माँ कहती है – इसमें देवी अन्नपूर्णा का वास है, उन्होंने भी शायद इसे उनकी दादी माँ से सुना होगा। पीढ़ी दर पीढ़ी यह ज्ञान इसी तरह निरंतर आगे बढ़ रहा है।

केसरिया पलाश की खूबसूरती से भला कौन परिचित नहीं होगा? ये पलाश पुष्प तो जैसे होली का पर्याय ही बन गए है। पहले गाँव देहात में खुशियों का उत्सव होली पलाश के फूल से ही मनाया जाता था। धीरे–धीरे रासायनिक रंगों ने रायता फैला दिया और लोग रंग खेलने से कतराने लगे। लेकिन चर्चाओं के बाजार की बात करें तो सबसे मजेदार है सफेद पलाश की चर्चा, इसके कुछ किस्से रोचक हैं तो कुछ विवादास्पद। लेकिन यकीन मानिये कि जिसे कोई एक सही कहेगा उसे दूसरा गलत ठहरा देगा, और दूसरा जिसे सही समझेगा पहला उसे गलत साबित कर देगा। अब ये तो आपको तय करना है कि आप किसके पक्ष में खड़े हैं...

वैसे पलाश सिर्फ सुंदर और धार्मिक महत्व वाला पेड़ नही है, बल्कि यह बेशकीमती और उपयोगी भी है। इसके औषधीय गुणों का तो कोई तोड़ ही नही है। इसकी गोंद

कमरकश कहलाती है। सफेद पलाश की कमरकश बेशकीमती है। यह प्रसव के बाद ढीली पड़ चुकी मांसपेशियों में पहले जैसी कसावट लाने का कार्य करती है। कमर दर्द और जोड़ों के दर्द की भी यह रामबाण औषधि है।

पंद्रह से बीस बरस पहले पलाश की छाल मजबूत रस्सियाँ बनाने का बेहतरीन स्त्रोत थी, जिससे कृषि उपयोग के कार्यों में प्रयोग लिया जाता था। अरे भाई #कुची याद है न...? दीवाली के समय चूने और गेरू की पुताई के लिए बनाये जाने वाले हर्बल ब्रश/ कूची इसी पेड़ की जड़ों से बनाये जाते है। और इसकी लकड़ियों से तैयार फावड़े, गैंती के बेंसो का तो कोई तोड़ ही नही था। इतना ही नही ठनका लगने पर यही शांति देता था। अब आप पूछेंगे ये ठनका क्या है, देहाती लब्ज है साहेब, पेशाब में जलन नही बल्कि रुक रुक कर थोड़ी मात्रा में मूत्र विसर्जन को ठनका कहते हैं। बहुत बैचेन कर देने वाली अवस्था होती है। इसकी छाल या पत्तियों का काढ़ा इसकी बेहतरीन औषधी है। इसके पत्तों पर चिकोड़ी पापड़ बनते थे, जो हमारा क्षेत्रीय पारंपरिक व्यंजन है। पापड़ के खौलते हुए मिश्रण में इन पत्तों के रस के रसायन मिलकर जरूर कोई न कोई औषधीय गुण हमारे शरीर मे पहुँचाते रहे होंगे, तभी तो इनके रहते कोई बड़ी बीमारियां गाँव देहात में जाने से परहेज करती रही।

जितना यह वृक्ष अपनी खूबसूरती के लिये चर्चा में है, उससे कहीं ज्यादा यह तांत्रिक प्रयोगों के लिए जाना जाता है। हालांकि इसके हजारों औषधीय महत्व भी हैं, किंतु आजकल ये उपयोग में नहीं रह गए हैं। ज्यादातर लोग सफेद पलाश ढूंढते हैं, वो भी इसीलिये कि इसके मिल जाने से वे धनवर्षा करवा लेंगे। इससे मैं सहमत नही हूँ, लेकिन धार्मिक परिवेश में मेरी परवरिश हुयी है, तो बचपन से सुनता आया हूँ। कि इसके पेड़ के नीचे बनाया गया भोजन कभी कम नही पड़ता है, मतलब अन्नपूर्णा देवी का वरदान है इसमें, इसीलिए यह समृद्धि का प्रतीक भी है। घर मे इसे लगाकर नित्य पूजन करने से अच्छा भाग्य, सकारात्मक विचार और मन को शांति मिलती है।

इसके विषय में एक और मान्यता है – कहते हैं कि सफेद पलाश के नीचे जाने पर दिन में भी तारे दिखने लगते हैं। असली तारे का तो पता नही, परंतु मेरा आंकलन यह है कि इसकी छाल के बीच के गड्ढो पर एक विशेष प्रकार की चमचमाते रंग के पंखों वाली मक्खी आराम फरमाती है, जब कोई इसे स्पर्श करता है, तो वे छोटी–छोटी मख्खियाँ उड़ने लगती हैं, जिनके पंख बिल्कुल छोटे लाइट या आईने की तरह चमकने लगते हैं। अन्य शब्दो मे कहें तो तारों की तरह चमकते हैं, शायद इसी वजह से भ्रम उत्पन्न हो गया होगा। यह कीट इसके पेड़ में निवास के लिए एक बायोलॉजिकल इंडिकेटर हो, ऐसी भी संभावना है।

वर्तमान में सभी मिले सफेद पलाश के पेड़ काफी उम्र दराज हैं। इन्हें संरक्षण के साथ साथ थोड़ी मरम्मत की भी आवश्यकता है। इनसे नए पौधे बनाने के लिए हर विधि पर कार्य करना आवश्यक है। प्रथम प्रयास बीजों को संग्रहित कर नए पौधे उत्पन्न करके होगा, किंतु इनसे उत्पन्न होने वाले पौधे के पुष्प किस रंग के होंगे यह आनुवांशिक अनुपात तय करेगा। दूसरा प्रयास इनकी कोमल शाखाओं को सामान्य पलाश की शाखाओं में बडिंग करके किया जा सकता है किंतु इसमें भी दोनों के गुणों के बीच थोड़ा बहुत गुण मिल जाने की सूक्ष्म संभावना है। तीसरा प्रयास कलम द्वारा लेकिन इसमें कलम सूखने की रिस्क बहुत अधिक रहेगी। टिश्यू कल्चर भी विकल्प है लेकिन इसका खर्च बहुत अधिक आएगा और इस विधि में कैलाश निर्माण होगा या नहीं प्रयोग करके देखने पर ही स्पष्ट होगा।

अंतिम और सबसे महत्वपूर्ण प्रयास जो मुझे सही समझ आता है, वह है लेयरिंग (गूटी लगाना) इस विधि में फूलों के रंग से छेड़छाड़ नहीं होगी। किंतु इससे सीमित मात्रा में ही पौधे तैयार होंगे। कुशल माली की सहायता लेनी होगी और बार बार आने जाने में काफी समय और धन खर्च होगा। लेकिन यही सर्वोत्तम विकल्प है, अतः इस दिशा में इस वर्ष कार्य करेंगे। आगे भगवान की जो इच्छा... 🙏

पलास की लगभग सभी प्रजातियों में चाहे वह, लाल हो, सफेद हो, पीला हो या क्रीम रंग का, सभी मे पत्तियाँ "ढाक के तीन पात" वाली कहावत को चरितार्थ करती हैं। कबीर दास जी भी पलास के मोह से बच न सके थे, उन्होंने इसे अपने दोनों में प्रयोग किया था। आपसे साझा कर रहा हूँ...

कबीरा गरब न कीजिए, इस जोबन की आस। टेसू फूले दिवस दस, खांखर भया पलास।।

ब्रम्हा–विष्णु-महेश त्रिदेवों की शक्तियाँ समेटे यह वृक्ष आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। कभी सड़क के दोनो ओर का क्षेत्र इनका आवास हुआ करता था, किन्तु आजकल कुछ अपरिपक्व हरियाली योद्धा विदेशी मूल के जल्दी विकसित होने वाले ऐसे पौधे रोप रहे हैं जिनमे कई तो विदेशी वनस्पतियाँ भी शामिल हैं। इसीलिए अब देशी वनस्पतियाँ समाप्त हो रही हैं। इन पढ़े लिखे आधुनिक विद्वानों ने सबसे अधिक नुकसान पलास पेड़ का ही किया है। उनकी इन हरकतों का दुष्परिणाम भी अब धीरे धीरे देखने को मिल रहा है। विदेशी पौधे अर्थात एलियन स्पीसीज के पौधे आजकल सड़क के दोनो किनारों पर खूब दिख रहे हैं। स्वर्गीय गुरूदेव डॉ. Deepak Acharya जी ने कई बार इस विषय को उठाया लेकिन लोगों पर आधुनिकता का भूत सवार है 😥।

यह जानकारी आपको कैसी लगी बताइएगा... फिर मिलेंगे, काले पलाश और लता पलाश के साथ...

🌳🌳🌳🌳🌳#सफेदपलाश (White Palash) को आयुर्वेद और तंत्र शास्त्र में 'दिव्य औषधि' और 'चमत्कारी वृक्ष' माना गया है। सामान्य नारंगी पलाश की तुलना में

इसकी उपलब्धता बहुत कम होने के कारण इसे अत्यंत पूजनीय और प्रभावशाली माना जाता है।

१. आयुर्वेदिक विशेषता (Medicinal Significance) :–

आयुर्वेद में सफेद पलाश को 'रसायन' माना गया है, जो शरीर का कायाकल्प करने की क्षमता रखता है।

स्मरण शक्ति और बुद्धि वर्धक :– इसके फूलों और बीजों के चूर्ण को मिश्री और दूध के साथ लेने से याददाश्त तेज होती है। इसे 'मेध्य' (Brain Tonic) औषधियों की श्रेणी में रखा जाता है।

कुष्ठ और चर्म रोग :– सफेद पलाश के बीजों का लेप और फूलों का अर्क पुराने से पुराने त्वचा रोगों, सफेद दाग (Leukoderma) और खुजली में सामान्य पलाश से कहीं अधिक प्रभावी माना जाता है।

मधुमेह (Diabetes) :– इसके पंचांग (फूल, पत्ती, छाल, जड़ और फल) का काढ़ा इंसुलिन के स्तर को प्राकृतिक रूप से सुधारने में सहायक होता है।

गर्भाशय की शुद्धि :– महिलाओं में गर्भाशय से जुड़ी समस्याओं और प्रदर रोग (White Discharge) में इसकी छाल और फूलों का विशिष्ट औषधीय उपयोग किया जाता है।

नेत्र ज्योति :– सफेद पलाश के फूलों का अर्क आँखों की तपन शांत करने और दृष्टि दोष दूर करने वाली कुछ विशेष आयुर्वेदिक दवाओं में आधार के रूप में प्रयोग होता है।

२. तांत्रिक एवं आध्यात्मिक विशेषता (Spiritual & Tantric Significance)

तंत्र शास्त्र में सफेद पलाश को 'सिद्ध वृक्ष' माना जाता है। इसे धन, सुख और शांति का कारक माना गया है।

लक्ष्मी का वास :– ऐसी मान्यता है कि जिस घर के परिसर में सफेद पलाश का वृक्ष होता है, वहां दरिद्रता नहीं आती। इसे "धनवर्धक" माना जाता है।

वास्तु दोष निवारण :– घर की उत्तर–पूर्व दिशा (ईशान कोण) में सफेद पलाश का पौधा लगाने से वास्तु दोष दूर होते हैं और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है।

पवित्र समिधा :– तांत्रिक अनुष्ठानों और विशेष यज्ञों में इसकी लकड़ियों (समिधा) का उपयोग देवताओं को प्रसन्न करने और कार्यों में सिद्धि प्राप्त करने के लिए किया जाता है।

वशीकरण और आकर्षण :– तंत्र ग्रंथों के अनुसार, इसके फूलों का तिलक लगाने से व्यक्तित्व में आकर्षण बढ़ता है और आत्म–विश्वास में वृद्धि होती है।

ग्रह शांति :– इसे चंद्र ग्रह से संबंधित माना गया है। मानसिक अशांति और चंद्र दोष के निवारण के लिए इसकी जड़ को धारण करने या पास रखने का विधान मिलता है।

३. दुर्लभता और पहचान

वानस्पतिक पहचान :– इसका पेड़ दिखने में सामान्य पलाश जैसा ही होता है, लेकिन इसके फूल दूध के समान सफेद होते हैं।

उपलब्धता :– यह पूरे भारत में कहीं–कहीं ही (जैसे मध्य प्रदेश के कुछ जंगलों या हिमालय की तलहटी में) पाया जाता है।



🌿🌿🌿🌿🌿 नारंगी सेमल (रूई) : सेमल कांदा जानी मानी शक्तिवर्धक औषधि है, जबकि सेमल को तांत्रिक शक्तियों का पोषक माना जाता है। आज जानिए दुर्लभ सेमल के विषय में

लाल सेमल सभी ने देखा है किंतु पेश है यह सिंदूरी रंग वाला सेमल। सेमल को सेमरा, रुई का पेड़ जैसे अलग अलग नामों से जाना जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम Bombax ceiba है, जो मालवेशी कुल का सदस्य है। इसकी २ प्रकृतियां हमारे क्षेत्र में पाई जाती हैं एक चटक लाल पुष्पों वाली और दूसरी नारंगी पुष्पों वाली। (अन्तर दोनों रंग के पुष्पों के तुलनात्मक विवरण में है) लेकिन मेरी बचपन की यादों से पूछूँ तो यह सुपाड़ी का पेड़ हैं। चौकिये मत बात बचपन की हो तो अपने दिमाग को एक तरफ रखकर सिर्फ और सिर्फ बचपने की सुना करें, वरना पछताना पड़ सकता है। उन दिनों यह हमारे लिये कत्थे में डूबी सुपारी का प्रतीक थी, जिसे जंगली पान-पत्तो (पलाश, लसोड़ा, अगीठा आदि) के साथ चबाकर मुँह लाल कर लिया जाता था। क्योंकि पान खाने पर घर वालों से डांट खानी पड़ती थी, तो यही हमारा शौक पूरा करता था।

लेकिन असल बात यह है कि सेमल का पेड़ एक बहुमूल्य औषधीय पेड़ है, जो सम्पूर्ण छिंदवाड़ा जिले में आसानी से इधर उधर, सब-किधर दिख जाता है। इस समय यह अपने फूलों के साथ पूरे शबाब पर है। इसके पेड़ के नीचे जाने से लगता है, कि किसी ने आपके रास्तो पर बेहतरीन फूलों की चादर बिछा दी हो।

इसके बड़े-बड़े लाल फूल किसी का भी ध्यान आकर्षित करने के लिये पर्याप्त हैं। वैसे आप सभी लोग जानते ही हैं, कि लाल रंग प्रेम की भावना से सीधा-सीधा जुड़ा है। लेकिन इसके फूलों की मांसल पंखुड़ियाँ और कैलिक्स भोजन का भी अच्छा स्त्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसे साग भाजी या सब्जी की तरह प्रयोग किया जाता है।

सांस्कृतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो होलिका दहन के दिन होलिका के केंद्र में इसकी लकड़ी लगाई जाती है, जिसका विशेष महत्व है। मान्यता है कि इसकी लकड़ी भक्त प्रहलाद की भांति अग्नि की लपटों से घिरी होने पर भी जलती नहीं है जो सत्य की शक्ति को दर्शाती है। वैसे तो सेमल की लकड़ी किसी भी पूजन कार्य में निषेध है लेकिन होलिका दहन में यह पूजन का मुख्य भाग है।

इसके छोटे पौधों की जड़ों को सेमलकन्द/सेमराकंद कहा जाता है, जो मांसल होती हैं। और इसे पौरुषत्व की दवा के रूप में देखा जाता है। कुछ बड़े बुजुर्ग बताते हैं, कि इसके सामने सफेद मूसली भी कुछ नही। इसके २ से ३ फिट छोटे पौधे को जड़ सहित निकाल लें, फूली हुई मंडल जड़ों को अलग कर सुखा लें व पावडर बना कर प्रतिदिन दूध के साथ सेवन करें। यह स्वास्थ्य वर्धन के लिए जाना माना देहाती नुस्खा है। इसके फलो के भीतर बीजों के साथ रुई भी पाई जाती है, इसीलिये इसे रुई का पेड़ भी कहते हैं। यह भी औषधीय महत्व की है। कहते हैं कि जब पुराने समय मे बच्चो को निमोनिया लग जाता था, तो इसी की रुई के गद्दे में बच्चो को सुलाया जाता था। यह बहुत गर्म होती है। इसके अलावा पेट या पीट पर होने वाले मवाददार फोड़ो के लिए भी यह उत्तम औषधि थी। आजकल यह रोग देखने और सुनने नही मिलता लेकिन अस्सी और नब्बे के दशक में इसका अच्छा खासा संक्रमण था। यह जानकारी आपको कैसी लगी बताइएगा।

🌿🌿🌿🌿🌿 आइए जानते हैं अकौना और मंदार के बारे में...

अकौआ, अकौना, अर्क, रुई, आंकड़ा, मदार, सफेद आक या श्वेतार्क

स्लाइड १: Calotropis procera (अकौना, आंक) स्लाइड २: Calotropis gigantea (श्वेत मदार) स्लाइड ३: Calotropis gigantea (नील मदार)

Family: Asclepiadaceae

आंक और मदार दोनो ही पवित्र, पूज्यनीय और औषधीय महत्व वाले पौधे हैं। इनमें दूध के समान तरल/लेटेक्स पाया जाता है जो निर्धारित मात्रा में बहुमूल्य औषधि और अधिक मात्रा होने पर विष के समान है। मदार, आक और रुई नाम सामान्यतः दोनो के लिए ही प्रयोग कर लिए जाते हैं, लेकिन Calotropis gigantea मदार है, जबकि Calotropis procera आक। उनके फलों के सूख जाने पर इनके बीजों के चारों ओर रुई का आवरण लिए बीज निकलते हैं, जो इन रूई के धागों की सहायता से हवा में उधर–उधर उड़ते रहते हैं, रुई की उपस्थिति के कारण इसका नाम रुई पड़ा। मदार के फूल ज्यादातर सफेद होते हैं लेकिन कभी कभी हल्के बैगनी रंग वाले भी देखने को मिल जाते हैं। फूलों के रंग से इन्हें पहचानने की कोशिश करेंगे तो कभी गलती भी हो सकती है। मदार का वैज्ञानिक नाम इसकी विशालता याने बड़े आकार का संबंध रखता है। मंदार के पेड़, पुष्प व फल आकार में आक/आकडे/अकौआ/अकौना की तुलना में बड़े और पूरी तरह खुले हुए होते हैं। अकौआ के पौधे तथा पुष्प आकार में छोटे और गुलाबी बैगनी रंग के अधखुले से होते हैं।

स्नातक तथा स्नातकोत्तर की कक्षाओं में वर्गिकी के प्रयोगों में।इसके पुष्पों का अध्ययन कराया जाता है, जिसमें कोरोना (क्राऊन), पेंटास्टिगमेटिक हेड और पॉलिनिया जैसे आकर्षक शब्दों से परिचय होता है। पॉलिनिया निकालकर कीट परागण की क्रिया का विस्तृत अध्ययन करना वनस्पति शास्त्र को बड़ा रोचक बना देता है। उन छोटी–छोटी कक्षाओं में हमने सीखा था कि जिसे हम परागकण समझ रहे हैं वे पॉलिनिया वास्तव में परागकणों से भरे थैले हैं।

इसके नर पुष्प/androecium और मादा पुष्प अग्रक/gynoecium stigma आपस मे मिलकर एक ताज/crown बना लेते हैं, जो देखने मे बड़ा ही आकर्षक लगता है। ध्यान से देखने पर श्रद्धावान लोग इसमें गणेश जी के भी दर्शन कर लेते हैं। इसके अलावा इसके पुराने पेड़ की जड़ों को निकालने पर गणेश जी की प्रतिमा के समान ही सुंदर मूर्तिनुमा जड़ निकलती है। इसीलिए इसे गणेश जी का पेड़ कहते हैं। हनुमान जी को चढ़ाने के लिए इसके पुष्पों की विशाल मलायें तैयार की जाती है। यह शिवपूजा की भी महत्वपूर्ण वनस्पति है अतः इसे हनुमान जी का पेड़ और शिवजी का पेड़ भी कहा जाता है।

ये दोनों वनस्पति तंत्र सिद्धियों के लिए भी खासी विख्यात है। जानकारों का कहना है कि इन्हें शुक्रवार के दिन अभिमंत्रित कर प्रयोग किया जाता है तथा शनिवार को तेल अर्पित कर साधना समाप्त की जाती है किंतु यह गुप्त साधना होने से रोका टोकी वाले स्थान से दूर रहकर ही की जाती है। इसके अतिरिक्त घुटनो के दर्द पर सरसों के तेल में गर्म किया हुआ मदार का पत्ता आराम देता है। सूक्ष्म मात्रा में मदार का लेटेक्स गाय के दूध के ताजे छैने के साथ देने से पीलिया और टाइफाइड जैसे रोगों में भी आराम मिलता है। इससे बनी मिठाई/दूध केक पीलिया तथा टाइफाइड रोग के लिए उत्तम दर्जे की दवा की तरह प्रयोग की जाती है। इसके लिए देशी गाय के ताजे दूध को गर्म करने के लिए रख दें। अब मदार की ताजी शाखा को चम्मच की तरह उपयोग कर चलाते रहें। कुछ समय में शाखा से निकले लेटेक्स के कारण दूध फट जाएगा। इसके बाद भी दूध को चलाते रहें। अंत में जब पानी समाप्त हो जाए और दूध का प्रोटीन गाढ़ा हो जाए तब इसमें मिठास के लिए थोड़ा गुड, स्वाद के लिए किशमिश, काजू, बादाम और चिरौंजी जैसे मेवे डाल दें। अंत में ठंडा करने के लिए किसी थाली पर मिठाई जमाने की भांति फैला दें और मिठाई के आकार में ही काट लें। औषधीय महत्व का मिल्क केक तैयार है। एक व्यक्ति के लिए १ पाव दूध की खुराक पर्याप्त है जिसे ३ बराबर भागों में बांटकर ३ दिन तक सेवन करना है।

🌿🌿🌿🌿🌿 अरंडी का पेड़ खास प्रकार के औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके पत्तों, टहनियों और बीजों में अनेक स्वास्थ्यवर्धक गुण पाए जाते हैं और हजारों सालों से आयुर्वेद में इनका इस्तेमाल अलग–अलग प्रकार की दवाएं बनाने के लिए किया जाता है। अरंडी से औषधीय तेल व अन्य कई प्रकार के तत्व पाए जाते हैं, जिनका इस्तेमाल कई समस्याओं का घर पर इलाज करने के लिए एक घरेलू नुस्खे के रूप में किया जाता है। आजकल मार्केट में अरंडी के बीज, तेल और इनसे बने कई उत्पाद आसानी से मिल जाते हैं।

अरंडी के फायदे (Benefits of Castor)

अरंडी में अनेक स्वास्थ्यवर्धक गुण होते हैं, जिनसे प्राप्त होने वाले स्वास्थ्य लाभों में प्रमुख रूप से निम्न शामिल हैं –

१. घाव भरने में मदद करे अरंडी

आयुर्वेद के अनुसार अरंडी के पत्तों में ऐसे प्राकृतिक गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा पर हुए घाव को जल्दी भरने में मदद करते हैं। साथ ही इसके पत्ते घाव में सूजन व लालिमा बढ़ने से भी रोकते हैं, जिससे घाव ठीक होने की प्रक्रिया तेज होने लगती है।

२. पीलिया के लक्षणों को कम करने में प्रभावी है अरंडी के पत्ते

पीलिया से ग्रस्त लोगों के लिए भी अरंडी के पत्तों को काफी लाभदायक माना गया है। यदि इसके ताजे पत्तों को पीसकर खाली पेट मरीज को दिया जाए तो काफी हद तक पीलिया के लक्षणों को कम किया जा सकता है।

३. अरंडी में हैं गठिया के लक्षणों को कम करने के गुण

अरंडी में जोड़ों के दर्द को कम करने के गुण भी पाए जाते हैं, जिसकी मदद से गठिया जैसे रोगों की गंभीरता को कम करने में मदद मिल सकती है। अरंडी के तेल और पत्ते दोनों का इस्तेमाल जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए किया जा सकता है।

४. त्वचा रोगों का इलाज करने में प्रभावी है अरंडी

कुछ प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों के अनुसार अरंडी के बीजों में त्वचा रोगों का इलाज करने वाले खास गुण पाए जाते हैं, जिनकी मदद से गंभीर से गंभीर त्वचा रोगों और संक्रमणों का इलाज करने में मदद मिल सकती है। अरंडी के बीजों में मौजूद खास औषधीय तेल त्वचा को रूखेपन से दूर रखता है।

अरण्डी का तेल के फायदे

१. आमवात:– आमवात की (सटेज्म) गाँठों में सूजन और दर्द होने पर १ तोला अरण्डी तेल में ३ माशा सोंठ का चूर्ण मिलाकर देने से लाभ होता है।

२. कमर–दर्द:– एरण्ड–बीजों का छिलका निकाल उसकी आधा पाव (१० तोला) गिरी एक सेर गाय के दूध में पीसकर पकायें। मावा (खोया) जैसा बन जाने पर उतार लें। यह १–२ तोला तक सुबह–शाम सेवन करने से कमर–दर्द, गृध्रसी (साइटिका) और पक्षाघात में आराम होता है।

३. टिटनेस:– धनुस्तम्भ, हिस्टीरिया, आक्षेप और जकड़न में अरण्डी–तेल से मालिश कर सेंकना चाहिए।

४. रक्त–आमातिसार:– एरण्ड की जड़ को दूध के साथ पीने से रक्त–आमातिसार मिट जाता है।

५. श्लीपद:– श्लीपद (फायोलेरिया) पर अरण्डी–तेल गोमूत्र में मिलाकर एक मास तक पीने से लाभ होता है।

६. वृक्कशूल–पथरी:– दर्द गुर्दा (वृक्कशूल) और उदरशूल में एरण्ड की जड़ का काढ़ा सोंठ डालकर पीने से लाभ होता है। इसमें हींग और नमक मिलाने से पथरी भी निकल जाती है।

७. मलबन्ध–बवासीर:– मलबन्ध कब्ज बवासीर और आँव में अरण्डी का तेल ५ तोला पिलाने से लाभ होता है। उससे विरेचन होकर वायु का अनुलोमन हो जाता है।

८. शोथ:– किसी स्थान पर शोथ (सूजन) या वेदना (दर्द) हो, वहाँ अरण्डी–तेल लगाकर उसी के पत्तों को गर्म करके बाँध देना चाहिए।

९. योनि–शूल:– योनि–शूल में अरण्डी-तेल में रूई का फाहा भिगोकर योनि में रखने पर लाभ होता है। प्रसवकाल के कष्ट में भी इसका प्रयोग करना चाहिए।

१०. आंखों की जलन:– कभी आँखों में सोडा, चूना, आक आदि का दूध पड़ जाय तो १–२ बूंद अरण्डी–तेल आँखों में डालने से जलन और दर्द में शीघ्र आराम हो जाता है।

११. चर्म रोग:– एरण्ड के जड़ को पानी में उबाल कर उस पानी को त्वचा पर लगाने या धोने से चर्म रोग का नाश होता है।

१२. बालों के लिए वरदान:– रोजाना सिर के बालों की मालिश एरण्ड के तेल से करने पर बाल काले, घने, चमकीले और जिनके बाल कम हो गए हों पुनः वापिस आ जाते हैं।

अरंडी के नुकसान (Side effects of Castor)

अरंडी के पत्ते, तेल या बीजों का सेवन कुछ लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है, जिसमें निम्न शामिल हैं –

पेट में दर्द होना, सीने में जलन, उल्टी या जी मिचलाना, दस्त, वहीं कुछ लोगों को अरंडी में मौजूद किसी कंपाउंड से एलर्जी भी हो सकती है और ऐसे में उन्हें त्वचा में जलन, खुजली व चकत्ते और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

अरंडी का उपयोग कैसे करें (How to use Castor)

अरंडी का इस्तेमाल निम्न तरीके से किया जा सकता है –

औषधीय तेलों के साथ, पत्तों का रस निकालकर, यह पोस्ट सामान्य जानकारी के लिए है अमल करने से पहले किसी विशेषज्ञ से सलाह लें|

🌿🌿🌿🌿🌿 पान भारत में सदियों से पसंद किया जाता है और आतिथ्य सत्कार में अहम् भूमिका निभाता है।

अगर इसे सही ढंग से प्रयोग किया जाये तो यह किसी औषधि से कम नहीं है। पान की जड़ को कुलंजन नाम से आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोग किया जाता है।

कुलंजन (Greater Galangal) अदरक परिवार (Zingiberaceae) का पौधा है, जिसका वैज्ञानिक नाम Alpinia galanga है। यह मुख्य रूप से श्वसन रोग, सिर दर्द पुराना नजला छिंकें गले की खराश, नपुंसकता, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, गठिया और पाचन संबंधी विकारों में प्रभावी है।

✅इसकी जड़ के चूरन की पोटली बनाकर इसे तीन चार बार अच्छे से सूंघे। एक दो बार सूंघनें के बाद इस पोटली पर पानी के कुछ छींटे मार कर फिर २–३ बार सूंघें। यह प्रक्रिया दिन में तीन चार बार करें ऐसे एक बार सूंघ लेने से ही सिर दर्द, छिंकें, नाक से पानी, गले की खराश, सांस लेने में कठिनाई तुरंत ठीक हो जाति है। इसके सूंघने से टेस्टोस्टेरोन बूस्ट अप होता है जिससे नपुंसकता, शीघ्रपतन ठीक हो जाता है।

🌿🌿कुलंजन के उपयोग

✅श्वसन रोग

खांसी, दमा (Asthma), और ब्रोंकाइटिस में यह बलगम को निकालने में मदद करता है।

✅पाचन तंत्र

भूख न लगना, पेट दर्द, और गैस (Flatulence) की समस्या को दूर करता है।

✅गठिया (Arthritis)

इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जोड़ों के दर्द और सूजन को कम करते हैं।

✅अन्य

यह दांत दर्द, गले की खराश और मुंह की दुर्गंध दूर करने में भी सहायक है।

☘सेवन की मात्रा

आयुर्वेद के अनुसार

☑चूर्ण (Powder): १ से ३ ग्राम (दिन में दो बार, शहद या गुनगुने पानी के साथ)।

☑काढ़ा (Decoction): ५ से १० मिलीलीटर।

🛑ध्यान रखें

इसकी प्रकृति गर्म (Ushna) होती है, इसलिए पित्त प्रकृति वाले व्यक्तियों को इसका सेवन सीमित मात्रा में करना चाहिए।

विशेष

कुलंजन (Alpinia galanga) पुरुषों के लिए एक शक्तिशाली कामोत्तेजक और वाजीकरण औषधि है। यह रक्त संचार बढ़ाकर और टेस्टोस्टेरोन के स्तर में सुधार करके यौन दुर्बलता को दूर करता है।

सेवन विधि

☑चूर्ण के रूप में

१ से २ ग्राम कुलंजन चूर्ण को एक गिलास गुनगुने दूध के साथ रात को सोने से पहले लें। बेहतर परिणाम के लिए इसे अश्वगंधा और सफेद मूसली के साथ बराबर मात्रा में मिलाकर ले सकते हैं।

☑काढ़ा

इसके छोटे टुकड़े को पानी में उबालकर चाय की तरह भी पिया जा सकता है।

लाभ

💓नपुंसकता

यह जननांगों में रक्त के प्रवाह (Blood Circulation) को तेज करता है, जिससे स्तंभन दोष में सुधार होता है।

💓शीघ्रपतन

इसके सेवन से स्नायु तंत्र (Nervous System) को ताकत मिलती है, जिससे वीर्य को रोकने की शक्ति बढ़ती है।

💓शुक्राणु वृद्धि

यह शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता में वृद्धि करने में सहायक है।

🛑ध्यान रखें

कुलंजन की तासीर गर्म होती है, इसलिए पित्त प्रकृति वाले लोग या उच्च रक्तचाप के रोगी इसका सेवन चिकित्सक की सलाह पर ही करें। विशेष परिस्थितियों में कुशल वैद्य के परामर्श से ही सेवन करें।

🌿🌿🌿🌿🌿सर्पगंधा के अद्भुत फायदे मुख्य रूप से उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) को नियंत्रित करने, अनिद्रा (नींद न आने की समस्या) दूर करने और मानसिक स्वास्थ्य (जैसे तनाव और घबराहट) में हैं, क्योंकि इसमें रक्तचाप कम करने वाले और शांत करने वाले गुण होते हैं; यह पाचन सुधारने, बुखार कम करने, और सांप व कीड़े के काटने के ज़हर को कम करने में भी उपयोगी है, पर इसका सेवन डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए।

♦️ मुख्य फायदे:– 🌿

१🟦 रक्तचाप नियंत्रण (Blood Pressure Control):

👉 यह रक्त वाहिकाओं को आराम देकर और हृदय की धड़कन को सामान्य करके उच्च रक्तचाप को प्रभावी ढंग से कम करता है।

२🟦 नींद और तनाव (Sleep & Stress):

👉 इसे "नींद जनरेटर" कहते हैं, यह अनिद्रा दूर करता है और तनाव व घबराहट (चिंता) को कम करने में मदद करता है।

३🟦 मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health):

👉 मैनिया और सिज़ोफ्रेनिया जैसी मानसिक समस्याओं में भी इसका उपयोग होता है।

४🟦 पाचन और चयापचय (Digestion & Metabolism):

👉यह कब्ज दूर करने, पाचन सुधारने और पेट के संक्रमण से लड़ने में सहायक है।

५🟦 जहर का प्रभाव कम करना (Antidote):

👉 यह सांपों, चूहों और बिच्छुओं के काटने के विषाक्त प्रभावों को बेअसर करने में मदद करता है।

६🟦अन्य लाभ:

👉यह बुखार, गठिया (जोड़ों के दर्द), और द्रव प्रतिधारण (एडिमा) जैसी स्थितियों में भी फायदेमंद है।

🚫सावधानियां (Precautions):🚫🚫🚫🚫

✅डॉक्टर की सलाह जरूरी: 👉यह एक शक्तिशाली जड़ी–बूटी है; खुराक से BP बहुत कम हो सकता है या अन्य दवाएं (जैसे एंटी–डिप्रेजेंट) लेने वालों को नुकसान हो सकता है।

✅गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं: इनके लिए इसका उपयोग बिल्कुल नहीं करना चाहिए।

👉दुष्प्रभाव: अधिक मात्रा में अवसाद, मतली या थकान हो सकती है।

✅उपयोग का तरीका (How to Use): 🌿

आमतौर पर इसकी जड़ का पाउडर १–२ ग्राम की मात्रा में गुनगुने पानी, दूध या शहद के साथ लिया जाता है, लेकिन हमेशा आयुर्वेदिक चिकित्सक के निर्देशानुसार।

🌿🌿🌿🌿🌿 गिलोय (गुडूची) के फल (जो मुख्य रूप से तने पर लगते हैं और लाल रंग के होते हैं) औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। ये जोड़ों के दर्द, पुरानी खांसी/अस्थमा, और बवासीर में राहत देने में सहायक हैं। ये फल मूत्र संक्रमण को दूर करने और शुक्राणु की संख्या बढ़ाने में भी मददगार माने जाते हैं, तथा एंटी–एजिंग

गुणों के कारण त्वचा के लिए फायदेमंद हैं।

१🟦जोड़ों के दर्द में राहत:– 🌿 गिलोय के फल गठिया या जोड़ों के दर्द और कमजोरी को दूर करने में सहायक होते हैं।

२🟦श्वसन प्रणाली के लिए:– 🌿 यह दमा, खांसी या अस्थमा जैसी समस्याओं में फायदेमंद माने जाते हैं।

३🟦बवासीर का इलाज:– 🌿 बवासीर की परेशानी को कम करने में भी इसके फल का इस्तेमाल सहायक हो सकता है।

४🟦यूरिनरी इंफेक्शन (UTI):– 🌿 ये फल यूरिनरी इन्फेक्शन को खत्म करने में मददगार हो सकते हैं।

५🟦प्रजनन स्वास्थ्य:– 🌿 यह शुक्राणु की संख्या बढ़ाने और कामसूत्र की शक्ति को भी बढ़ाने में सहायक हैं।

६🟦बढ़ती उम्र के संकेत:– 🌿 गिलोय के फल में रासायनिक गुणों के कारण यह बढ़ती उम्र के असर को कम करने में सहायक हो सकते हैं।

🚫सावधानी: 🌿गिलोय के फलों का सेवन करने से पहले, विशेष रूप से अगर आप किसी चिकित्सा स्थिति के लिए इसका उपयोग कर रहे हैं, तो एक आयुर्वेदिक विशेषज्ञ या चिकित्सक से सलाह लेना बेहतर है। अधिक मात्रा में सेवन से साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं।

🌿🌿🌿🌿🌿 #सफेदनिर्गुंडी (#Vitex negundo)इसे #कायाकल्प (#rejuvenating) गुणों के लिए जाना जाता है|

#दर्द निवारक और सूजन कम करने वाली (Anti–inflammatory and Analgesic): निर्गुंडी अपने एनाल्जेसिक और एंटी–इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण जोड़ों के दर्द, गठिया, साइटिका, मोच और मांसपेशियों के दर्द में बहुत प्रभावी मानी जाती है। इसके पत्तों का काढ़ा पीने या पत्तों को पीसकर लेप लगाने से सूजन और दर्द में आराम मिलता है। विशेष रूप से, निर्गुंडी के पत्तों को उबालकर उनकी पट्टी बांधने से मोच और उसके कारण होने वाले दर्द व सूजन में फायदा होता है। निर्गुंडी तेल से प्रभावित अंगों की मालिश करने से भी लाभ होता है।

#श्वसन संबंधी समस्याओं में (Respiratory Issues): यह खांसी, अस्थमा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों में प्रभावी मानी जाती है। यह श्वसन नलियों में मौजूद कफ को हटाने में सहायक होती है। निर्गुंडी के पत्तों से बने काढ़े का सेवन करना या सूखे पत्तों का धुआँ सूंघना खांसी और सांस से जुड़ी परेशानियों में फायदेमंद होता है।

##त्वचा और #बालों के लिए (Skin and Hair Health): निर्गुंडी के एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण त्वचा के अल्सर, फोड़े–फुंसी और एलर्जी को ठीक करने में मदद करते हैं। इसके तेल या पेस्ट को लगाने से त्वचा संबंधी विकार ठीक होते हैं और रक्त को शुद्ध करके त्वचा को युवा बनाने में भी सहायक होती है। बालों के लिए, निर्गुंडी जड़ों को पोषण देकर बालों को गिरने से रोकती है, रूसी से निजात दिलाती है और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण बालों का समय से पहले सफेद होना भी कम करती है।

#मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र के लिए (Brain and Nervous System): #सिर दर्द, #माइग्रेन और अन्य मस्तिष्क संबंधी विकारों को दूर करने के लिए निर्गुंडी का पारंपरिक रूप से उपयोग किया जाता रहा है। इसके पत्तों का पेस्ट माथे पर लगाने या सूखे पत्तों का धुआँ सूंघने से सिर दर्द में तुरंत राहत मिल सकती है। यह दिमाग और तंत्रिका तंत्र को सुरक्षा प्रदान करती है और याददाश्त को बढ़ावा देती है। #नसों की कमजोरी और संबंधित दर्द (जैसे साइटिका, सर्वाइकल दर्द) में भी यह लाभकारी मानी जाती है।

#पाचन और आंतरिक स्वास्थ्य (Digestion and Internal Health): निर्गुंडी पाचन तंत्र को मजबूत करती है, पेट के कीड़ों को नष्ट करती है और भूख बढ़ाती है। यह कब्ज, गैस, ब्लोटिंग और पेट के अल्सर में भी राहत प्रदान कर सकती है।

महिलाओं के स्वास्थ्य में (Women's Health): यह बांझपन जैसी समस्याओं में प्रभावी औषधि की तरह काम करती है और प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। मासिक धर्म संबंधी विकारों में इसके बीज के चूर्ण का सेवन लाभकारी होता है।

#बुखार और एलर्जी में (Fever and Allergies): निर्गुंडी बुखार को कम करने और टाइफाइड बुखार में भी उपयोगी मानी जाती है। यह एलर्जी पैदा करने वाले रसायनों की रिलीज को रोकती है और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है।

उपयोग की विधि (Methods of Use):

काढ़ा (Decoction): पत्तों को पानी में उबालकर काढ़ा बनाया जाता है, जिसका सेवन विभिन्न आंतरिक समस्याओं के लिए किया जाता है।

लेप/पेस्ट (Paste/Poultice): पत्तों को पीसकर सीधे प्रभावित क्षेत्र पर लगाया जाता है, जैसे सूजन, दर्द या घाव पर।

तेल (Oil): निर्गुंडी का तेल मालिश के लिए उपयोग किया जाता है, खासकर जोड़ों और मांसपेशियों के दर्द में।

चूर्ण (Powder): सूखे पत्तों या जड़ का चूर्ण आंतरिक सेवन के लिए प्रयोग किया जाता है।

धुआँ (Fumigation): सूखे पत्तों का धुआँ सूंघने से सिर दर्द में राहत मिलती है।

विशेष जानकारी के लिए लिंक फॉलो करें 👇

🌳🌳🌳🌳🌳'चिंच' हा ग्रामीण भागातील एक अत्यंत महत्त्वाचा आणि लोकप्रिय रानमेवा आहे. उन्हाळ्याच्या दिवसात झाडावर लगडलेली ही आंबट–गोड चिंच लहानांपासून मोठ्यांपर्यंत सगळ्यांच्या पसंतीची असते.

🌳शास्त्रीय नाव: चिंचेला वैज्ञानिक भाषेत Tamarindus indica असे म्हणतात.

🌳 हे एक अतिशय दीर्घायुषी आणि सदाहरित झाड असून याची उंची १०० फुटांपर्यंत असू शकते.

🌳 गराच्या रंगावरून प्रामुख्याने पिवळी चिंच आणि लाल चिंच असे दोन प्रकार पडतात.

🌳 आमटी, रस्सा, सांबर, चटणी आणि डाळ यांमध्ये आंबटपणा आणण्यासाठी चिंचेचा मोठ्या प्रमाणावर वापर केला जातो.

🌳 कच्ची चिंच (चिचाट) मीठ–तिखट लावून खाणे हा ग्रामीण जीवनातील एक खास आनंद आहे. तसेच वाळवलेली चिंच वर्षभर साठवून वापरली जाते.

🌳 चिंचेच्या बियांना 'चिंचोके' म्हणतात. हे भाजून खाल्ले जातात, जे चवीला अतिशय चविष्ट लागतात.

🌳 चिंचेमध्ये नैसर्गिक रेचक गुणधर्म असतात, जे बद्धकोष्ठता दूर करण्यास आणि पचन सुधारण्यास मदत करतात.

🌳 शरीरातील सूज आणि वेदना कमी करण्यासाठी चिंच उपयुक्त ठरते.

🌳 कोलेस्ट्रॉल कमी करण्यासाठी आणि रक्तातील साखरेचे नियंत्रण ठेवण्यासाठी चिंचेचा उपयोग होऊ शकतो.

🌳 यात व्हिटॅमिन C आणि अँटी–ऑक्सिडंट्स मुबलक प्रमाणात असतात.

🌳 चिंचेची कोवळी पाने, फुले आणि बिया देखील खाण्यायोग्य असतात. झाडाच्या पानांचा काढा काही पारंपारिक उपचारांमध्ये वापरला जातो.

🌳 चिंचेचे लाकूड अतिशय कठीण आणि टिकाऊ असते, ज्याचा वापर शेतीची अवजारे बनवण्यासाठी केला जातो.

🌳 चिंचेच्या शेतीतून आणि विक्रीतून ग्रामीण भागातील लोकांना रोजगार उपलब्ध होतो.

🌳🌳🌳🌳 महुआ #आदिवासी समुदाय के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पेड़ है। इसके कई फायदे हैं और यह उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

#महुआ_के_फायदे:

१. *खाद्य स्रोत:* महुआ के फूल, फल, और पत्ते सभी खाद्य हैं और आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत हैं।

२. *औषधि:* महुआ के विभिन्न भागों का उपयोग औषधि बनाने में किया जाता है, जैसे कि इसके फूल का उपयोग ज्वर और दर्द के इलाज में किया जाता है।

३. *आर्थिक महत्व:* महुआ के बीज से तेल निकाला जाता है, जो खाने और अन्य उपयोगों के लिए उपयोग किया जाता है। यह आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण आय का स्रोत है।

४. *संस्कृति:* महुआ आदिवासी समुदाय की संस्कृति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके फूल और पत्ते का उपयोग पूजा–पाठ में किया जाता है।🍀🍀🌿🌿

आदिवासी समुदाय के लिए महुआ का महत्व:

१. *जीवन का आधार:* महुआ आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए जीवन का आधार है। यह उनके भोजन, औषधि, और आर्थिक जरूरतों को पूरा करता है।

२. *संस्कृति का हिस्सा:* महुआ आदिवासी समुदाय की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके फूल और पत्ते का उपयोग पूजा-पाठ में किया जाता है।

३. *पर्यावरण संरक्षण:* महुआ पेड़ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह मिट्टी को बांधने और जलवायु परिवर्तन को रोकने में मदद करता है।

इस तरह, महुआ आदिवासी समुदाय के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण पेड़ है और इसके कई फायदे हैं।🌳🌳

🌿🌿🌿🌿🌿भांबूर्डी/पोपटी (वैज्ञानिक नाव: Tridax procumbens) –

🌿ही एक बहुवर्षीय औषधी वनस्पती आहे, जी प्रामुख्याने जखमा भरून काढण्यासाठी (अँटीसेप्टिक) ओळखली जाते. ग्रामीण भागात याचा वापर जखमा, पुरळ, कातडीच्या समस्यांवर लेप म्हणून आणि कोकणात पोपटीमध्ये पाने वापरली जातात. ही वनस्पती पचनसंस्थेसाठीही फायदेशीर मानली जाते.

🌿हिचे अनेक औषधी उपयोग आहेत.👉

🌿जखम बरी करणे: लहान जखमा, भाजणे किंवा त्वचेवरील पुरळांवर भांबूर्डीची पाने रगडून किंवा चोळून त्याचा रस लावल्यास जखम लवकर भरून येते.

🌿पाचन: भांबूर्डीच्या पानांचा काढा अपचन, गॅस आणि पोटदुखीसाठी गुणकारी आहे.

🌿दाहक–विरोधी: या वनस्पतीमध्ये दाहक–विरोधी (anti–inflammatory) गुणधर्म असतात ज्यामुळे सूज कमी होण्यास मदत होते.

🌿हे एक लहान, पसरलेले आणि शाखा असलेले गवत आहे, जे साधारणपणे ५० सेमी पर्यंत वाढते.

पाने साधारण ३–६ सेमी लांब आणि टोकदार असतात. फुले पांढऱ्या रंगाची असून मध्यभागी पिवळी असतात.

🌿पोपटीमधील वापर: कोकण आणि रत्नागिरी भागात पोपटी (भाज्या वैगेरे घालून शाकाहारी किंवा एक प्रकारचा मटण किंवा अंडी भाजण्याचा मांसाहारी पदार्थ) बनवताना पानांचा वापर केला जातो, ज्याला स्थानिक भाषेत भांबुर्डीचा पाला म्हणतात.

🌿ही वनस्पती वर्षभर उपलब्ध असते, विशेषतः पावसाळ्यानंतर ती भरपूर प्रमाणात आढळते.

🌿खडक शेपू (शास्त्रीय नाव: Glossocardia bosvallea), ज्याला रानशेपू, पीठपापडा किंवा दगडी शेपू म्हणूनही ओळखले जाते, ही पावसाळ्यात माळरान, कातळ आणि दगडकोपऱ्यात उगवणारी अत्यंत पौष्टिक आणि औषधी रानभाजी आहे. ही भाजी पचनक्रिया सुधारण्यासाठी, रोगप्रतिकारक शक्ती वाढवण्यासाठी आणि व्हिटॅमिन A, C, K तसेच कॅल्शियम–लोह पुरवण्यासाठी उत्तम मानली जाते.

🌿स्थान व काळ: ही भाजी मुख्यतः जुलै ते सप्टेंबर या पावसाळी काळात दगडांच्या सानिध्यात किंवा पडीक जमिनीवर नैसर्गिकरित्या उगवते.

औषधी गुणधर्म:

🌿पचनशक्ती: पालेभाजीतील घटक बद्धकोष्ठता टाळतात आणि पचनक्रिया सुधारतात.

🌿पोषक तत्वे: व्हिटॅमिन A, C, K आणि मॅग्नेशियम, लोह, मँगनीज सारख्या खनिजांचा समृद्ध स्रोत.

🌿रोगप्रतिकार: शरीरातील रोगप्रतिकारक शक्ती वाढवण्यासाठी मदत करते.

🌿वापर: ही भाजी चवीला उत्कृष्ट असते. तिची पिठलं पेरून केलेली भाजी (पिठलं–भाजी) खूप लोकप्रिय आहे, तसेच कोशिंबीर किंवा भाजीच्या रूपातही वापरली जाते.

🌿ओळख: याला रानशेपू असेही म्हणतात कारण पाने सुवासिक असतात, परंतु सामान्य शेपू पेक्षा हे पानांचे आकारमान लहान असते.

🌿खडक शेपूचे फायदे:

🌿पावसाळ्यातील पोटाचे विकार कमी करण्यासाठी उपयोगी.

रक्त वाढवण्यासाठी आणि रक्तासंबंधी आजार दूर करण्यासाठी उपयुक्त आहे.

ही पारंपारिक रानभाजी आहारात आवर्जून सामील करावी.

🌿पाण्यातील लव्हाळे (Sedge) ही एक अतिशय महत्त्वाची आणि उपयुक्त वनस्पती आहे. ती प्रामुख्याने नद्यांच्या काठी, तलावांमध्ये किंवा दलदलीच्या ठिकाणी वाढते.

🌿लव्हाळे ही गवतवर्गीय वनस्पती आहे, पण ती गवतापेक्षा वेगळी असते. लव्हाळ्याचे खोड सहसा त्रिकोणी असते.

🌿या वनस्पतीची मुळे जमिनीखाली पसरलेली असतात, ज्यांना 'गाठी' (Tubers) येतात.

🌿२. आयुर्वेदिक महत्त्व:

आयुर्वेदात लव्हाळ्याला 'मुस्ता' (Musta) किंवा 'नागरमोथा' असे म्हटले जाते.

🌿याचा वापर पोटाचे विकार, ताप आणि पचन सुधारण्यासाठी केला जातो.

🌿लव्हाळ्याच्या मुळांचा उपयोग सुगंधी उटणे किंवा औषधी काढा बनवण्यासाठी होतो.

🌿३. पर्यावरणीय उपयोग:

🌿जलशुद्धीकरण: लव्हाळे पाण्यातील अतिरिक्त नायट्रोजन आणि फॉस्फरस शोषून घेते, ज्यामुळे पाणी नैसर्गिकरित्या शुद्ध होण्यास मदत होते.

🌿जमीन धुपणे थांबवणे: नदीकाठी वाढणारी लव्हाळ्याची मुळे माती घट्ट धरून ठेवतात, ज्यामुळे पुराच्या वेळी जमिनीची धूप होत नाही.

🌿४. व्यावसायिक उपयोग:

लव्हाळ्याच्या वाळलेल्या काड्यांपासून चटया (Mats) विणल्या जातात. या चटया थंड आणि टिकाऊ असतात.

🌿याचा वापर टोपल्या आणि काही हस्तकला वस्तू बनवण्यासाठीही केला जातो.

🌿५. शेतीतील समस्या:

काही वेळा शेतात किंवा बागेत लव्हाळे 'तण' (Weed) म्हणून मोठ्या प्रमाणावर वाढते. याची मुळे खोलवर असल्याने ते काढून टाकणे कठीण असते.

🌿थोडक्यात सांगायचे तर, लव्हाळे ही केवळ एक पाणवनस्पति नसून ती औषधी आणि पर्यावरणाच्या दृष्टीने अत्यंत मोलाची आहे.

🌿पाचुंदा (शास्त्रीय नाव: Capparis grandis) हा कॅपॅरेसी (Capparidaceae) कुलातील एक लहान सदाहरित वृक्ष आहे. हा प्रामुख्याने भारतातील कोरड्या आणि डोंगराळ भागात, विशेषतः पश्चिम घाट, राजस्थान आणि दक्षिण पठारावर आढळतो.

🌿 हा वृक्ष साधारणपणे ४.५ ते ५ मीटर उंचीपर्यंत वाढतो. याच्या कोवळ्या फांद्यांवर आणि पानांवर पिवळसर रंगाची लव असते, तर जुन्या खोडावर जाड आणि भेगाळलेली साल असते.

🌿पाने साधी, लंबवर्तुळाकार आणि टोकाला गोल असतात. या झाडाला पांढऱ्या रंगाची फुले येतात. याच्या काही उपजातींना फांद्यांवर वाकडे काटे असतात.

🌿 याचे फळ गोलाकार असून ते पिकल्यावर लाल किंवा काळ्या रंगाचे होते.

🌿उपयोग 🌿🌿🌿

🌿पाचुंदाची साल आणि पाने स्थानिक औषधोपचारात वापरली जातात. विशेषतः पोटाच्या विकारांवर आणि सूज कमी करण्यासाठी याचा उपयोग केला जातो.

🌿याची फळे पिकल्यावर पक्षी खातात. गोडसर तुरट लागतात. (खाऊ नये, मी फक्त जीभेवर थोडा गर ठेवून पाहिला तर गोड चव लागते पक्षी खातात म्हणून पाहिले होते.)

🌿या झाडाचे लाकूड मजबूत असल्याने ग्रामीण भागात विळा, कोयता यांसारख्या शेती औजारांच्या मुठी तयार करण्यासाठी याचा वापर केला जातो.

🌿हा वृक्ष कमी पाण्यातही चांगल्या प्रकारे तग धरू शकतो, त्यामुळे कोरड्या भागातील वृक्षलागवडीसाठी तो उपयुक्त ठरतो.

🌿 दिसायला ही फळे वाघाची/गोविंदफळासारखी दिसतात.

🌳🌳🌳🌳🌳 चर्म रोगों का काल, काली अकोल

